**भारत सरकार**
**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2855**
**उत्तर देने की तारीख 12.12.2024**

**एमएसएमई में विकास और नवाचार**

2855. **श्रीमती कमलजीत सहरावत:**
**श्री जुगल किशोर:**
**श्री कंवर सिंह तंवर:**
**श्री विजय कुमार दूबे:**
**श्री भरतसिंहजी शंकरजी डाभी:**
**श्रीमती शोभनाबेन महेन्द्र सिंह बारैया:**
**श्री मनोज तिवारी:**
**श्री भर्तृहरि महताब:**

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में विशेषकर दिल्ली जैसे महानगरीय क्षेत्रों में छोटे व्यवसायों और स्टार्टअप्स के लिए एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र बनाने में अटल नवाचार मिशन और स्टार्टअप इंडिया जैसे कार्यक्रमों की भूमिका क्या है;

(ख) देश के सकल घरेलू उत्पाद में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) का कुल योगदान कितना है और पिछले पांच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान इससे कितने रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं;

(ग) देश में विशेषकर दिल्ली में एमएसएमई, उद्यमिता और छोटे व्यावसायिक उपक्रमों में लोगों, विशेषकर युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं; और

(घ) क्या स्टार्टअप या छोटे व्यवसाय स्थापित करने के इच्छुक दिल्ली के युवाओं के लिए संसाधनों और वित्तपोषण की पहुंच बढ़ाने हेतु कोई विशेष पहल शुरू करने की योजना बनाई गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री**
**(सुश्री शोभा करांदलाजे)**

**(क)** : देश में लघु व्यवसायों और स्टार्टअप्स के लिए एक मजबूत पारितंत्र बनाने में अटल इनोवेशन मिशन (एआईएम) की भूमिका एक नवाचार-संचालित संस्कृति का निर्माण करने के लिए अभिकलनात्मक (कम्प्यूटेशनल) सोच, अनुकूल शिक्षा और तीव्र समस्या समाधान जैसे कौशल विकसित करना है। अटल इन्क्यूबेशन केंद्र (एआईसी) जैसी पहलों के माध्यम से, एआईएम उद्यमियों को तकनीकी मार्गदर्शन, परामर्श, वित्तपोषण और नेटवर्किंग अवसरों के साथ सहायता प्रदान करता है। अटल न्यू इंडिया चैलेंज (एएनआईसी) अटल इनोवेशन मिशन, नीति आयोग का एक प्रमुख कार्यक्रम है। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रौद्योगिकी आधारित नवाचारों की खोज, चयन, सहायता और पोषण करना है, जो राष्ट्रीय महत्व और सामाजिक प्रासंगिकता की क्षेत्रीय चुनौतियों का समाधान करते हैं। एएनआईसी प्रोटोटाइप चरण में नवाचारों की मांग करता है।

देश में लघु व्यवसायों और स्टार्टअप्स के लिए एक मजबूत पारितंत्र बनाने में स्टार्टअप इंडिया की भूमिका नवाचार, उद्यमशीलता और निजी निवेश को प्रोत्साहित करके स्टार्टअप पारितंत्र को बढ़ावा देना है। इस पहल का उद्देश्य रोजगार सृजन, नवीन विचारों को बढ़ावा देना तथा स्टार्टअप्स के विकास के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराना है।

**(ख) :** सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, विगत पांच वर्षों के दौरान अखिल भारतीय सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में एमएसएमई सकल मूल्यवर्धन (जीवीए) का हिस्सा निम्नानुसार है:

| **वर्ष** | **अखिल भारतीय सकल घरेलू उत्पाद में एमएसएमई जीवीए का हिस्सा (%)** |
|---|---|
| 2017-18 | 29.7 |
| 2018-19 | 30.5 |
| 2019-20 | 30.5 |
| 2020-21 | 27.3 |
| 2021-22 | 29.6 |
| 2022-23 | 30.1 |

दिनांक 30.11.2024 की स्थिति के अनुसार, उद्यम पंजीकरण पोर्टल पर एमएसएमई द्वारा सूचित कुल रोजगार 23.38 करोड़ है (उद्यम सहायता प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत अनौपचारिक सूक्ष्म उद्यमों सहित)।

**(ग) और (घ):** भारत सरकार देश में एमएसएमई, उद्यमिता और छोटे व्यवसाय उपक्रमों में लोगों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न स्कीमों और कार्यक्रमों का क्रियान्वयन करती है, जिनमें, अन्य बातों के साथ-साथ, अटल इनोवेशन मिशन के अंतर्गत अटल सेक्टोरल इनोवेशन लॉन्चपैड (एएसआईएल) और औद्योगिक एक्सेलेरेटर कार्यक्रम, स्टार्ट अप इंडिया, सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए ऋण गारंटी फंड ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई), प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), सूक्ष्म और लघु उद्यम - क्लस्टर विकास कार्यक्रम (एमएसई-सीडीपी), संकल्प स्कीम के अंतर्गत क्षमता निर्माण के माध्यम से उद्यमशील परिवेश को मजबूत करना, इनक्यूबेशन सहायता, परामर्श और पथ-प्रदर्शन सहायता, औद्योगिक मूल्य संवर्धन के लिए कौशल सुदृढ़ीकरण (स्ट्राइव) परियोजना और प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएमजनमन) परियोजना शामिल हैं। ये स्कीमें और पहलें दिल्ली सहित सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के युवाओं के लिए वित्तपोषण हेतु संसाधनों की पहुंच को बढ़ाती हैं। इसके अलावा, दिल्ली सरकार ने वित्तीय सहायता के लिए राजीव गांधी स्वावलंबन रोजगार स्कीम (आरजीएसआरवाई) का कार्यान्वयन भी किया है। एक विशेष पहल के रूप में, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय ने एमएसएमई नवाचार (इनोवेटिव) स्कीम के इनक्यूबेशन घटक के अंतर्गत, विशेष रूप से युवाओं के लिए **हैकाथॉन 4.0** का शुभारंभ किया, इसमें **29,236 विचार** प्राप्त हुए।

*****